सेवा में,

श्रीमान शिक्षा मंत्री महोदय

राजस्थान सरकार, जयपुर

विषय: कनिष्ठ सहायक की वरिष्ठता का परित्याग कर स्थानांतरण बाबत (सामूहिक प्रार्थना पत्र)।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हम सभी अधोहस्ताक्षरी कनिष्ठ सहायक, वर्तमान में राजस्थान के विभिन्न कार्यालयों/संस्थानों में कार्यरत हैं।

महोदय, हम सभी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक कारणोंवश अपना स्थानांतरण इच्छित स्थानों पर करवाना चाहते हैं। इस हेतु हम सभी अपनी वर्तमान वरिष्ठता (Seniority) का पूर्ण रूप से स्वेच्छा से परित्याग करने के लिए सहमत हैं।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि हमारी वरिष्ठता का परित्याग स्वीकार करते हुए हमारा स्थानांतरण नियमानुसार इच्छित स्थानों पर करने की कृपा करें।

इसके लिए हम सभी सदैव आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद।

भवदीय,

समस्त कनिष्ठ सहायक